epaper
हिन्दुस्तान

# चार कंपनियों की सहायता से निखारेंगे युवाओं का कौशल

08/05/2022

**लखनऊ, प्रमुख संवाददाता।** प्रदेश सरकार ने देश की चार दिग्गज कंपनियों के सहयोग से बाजार की मांग के अनुसार युवाओं का कौशल निखारने की योजना तैयार की है। व्यवसायिक शिक्षा विभाग की इस योजना में टाटा टेक्नालॉजी, एचसीएल, टेक महिंद्रा व आईबीएम ऋचा का सहयोग लिया जाएगा।

विभाग अपनी 100 दिनों की कार्ययोजना के तहत टाटा टेक्नालॉजी के सहयोग से प्रदेश के 50 राजकीय आईटीआई का आधुनिकीकरण करने जा रहा है। इसके तहत आईटीआई में प्रशिक्षण के लिए आधुनिकतम तकनीक का प्रयोग होगा। इसी तरह आईटी सेक्टर के लिए भी युवाओं को घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय बाजार के हिसाब से तैयार किया जाएगा। इसके लिए विभाग एचसीएल टेक्नॉलाजी जैसी दिग्गज कंपनी के सहयोग से 10 हजार युवाओं को आईटी सेक्टर में प्रशिक्षण व सुनिश्चित रोजगार दिया जाएगा।

हेल्थ सेक्टर पर भी योगी सरकार का खासा जोर है। इस क्षेत्र की जरुरतों के मद्देनजर योगी सरकार टेक महिंद्रा के सहयोग से हेल्थ सेक्टर के नए कोर्सेज में कस्टमाइज्ड ट्रेनिंग के लिए एक अनुबंध करेगी। आईबीएम ऋचा के माध्यम से आईटी सेक्टर के नए रोजगारपरक ट्रेड्स में प्रशिक्षण के लिए अनुबंध किया जाएगा।